जनसत्ता (Jansatta)

दिनाँक (Dated): 23/7/2023	पृष्ठ सं0 (Page No). 11	क्रम सं0(Serial No.) 13

शाह ने केंद्रीकृत सुरक्षा नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन किया

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 22 जुलाई (भाषा)।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को यहां एक केंद्रीकृत विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन किया, जिसमें सीआइएसएफ के सुरक्षा घेरे में आने वाले 66 नागरिक हवाई अड्डों की निगरानी की जाएगी। सीआइएसएफ ने एक बयान में कहा कि विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र (एएससीसी) के पास 'यात्रियों और हवाई यातायात के चौबीस घंटे, सातों दिन समयबद्ध डेटा की निगरानी और प्रवृत्ति विश्लेषण' तक पहुंच होगी। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) राष्ट्रीय नागर विमानन सुरक्षा बल है। यह देश के कुल 134 में से 66 यात्री हवाई अड्डों की सुरक्षा करता है। शाह ने ट्वीट किया कि दिल्ली के महिपालपुर में सीआइएसएफ कैंप प्रगति के गौरव को दर्शाता है। आज अत्याधुनिक विमानन सुरक्षा नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन किया। अत्याधुनिक तकनीक से लैस, केंद्र आपात स्थिति के दौरान त्वरित निर्णय लेने में सहायता करते हुए खतरों का समय रहते पता लगाने में मदद करेगा।